अध्यक्ष रवि शर्मा ने किया कारागृह का निरीक्षण

कोटपूतली । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोटपूतली के अध्यक्ष रवि शर्मा द्वारा सोमवार को जिला कारागृह का निरीक्षण किया । निरीक्षण का उद्देश्य कारागृह में बंदियों को उपलब्ध करवाई जा रही मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन कर उनकी गुणवत्ता की जांच करना था। इस दौरान सचिव नीलम मीणा भी उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान जिला न्यायाधीश ने सर्वप्रथम कारागृह परिसर की साफ-सफाई का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने बैरकों, रसोई घर, शौचालयों, स्नानागारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता का अवलोकन करते हुए जेल प्रशासन को जेल परिसर में साफ-सफाई बनाये रखने के निर्देश दिये। न्यायाधीश द्वारा कारागृह की रसोई घर का निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध करवाये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों में स्थापित पंखे, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की जांच की। सुरक्षा व्यवस्था की जांच करते हुए अध्यक्ष द्वारा सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाए रखने तथा समय-समय पर उनकी जांच करने के निर्देश दिए तथा जेल पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश दिए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर किया जा सके। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश द्वारा बंदियों के साथ भी संवाद किया गया एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। उन्होंने बंदियों को उपलब्ध करवाई जा रही चिकित्सकीय सुविधाओं की भी जांच की। साथ ही जेल प्रशासन को बंदियों की समस्याओं का निदान करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन बंदियों के पास निजी अधिवक्ता नहीं था उनके विधिक सहायता के फॉर्म भरवाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिये गये।

निवाई में भाजपा व कांग्रेस ने सभी 40 वार्डों की सूची की जारी

निवाई। निवाई नगर पालिका चुनाव में 40 वार्डों के लिए होने वाले चुनाव में भाजपा व कांठोस ने सभी प्रत्याशियों की अधिकृत सूची जारी कर दी है। भाजपा ने वार्ड नंबर 1 से रामभजन नट, वार्ड नंबर 2 से गजानंद, वार्ड 3 से करण सिंह, वार्ड नंबर 4 से खेमराज मीणा, वार्ड 5 से नरेंद्र जयसिंहपुरा, वार्ड 6 से महेश तिवाड़ी, वार्ड 7 से चंदन वर्मा, वार्ड 8 से घनश्याम, वार्ड 9 से अजय पारीक, वार्ड 10 से सुनीता चौधरी, वार्ड 11 से धर्मेन्द्र साहू, वार्ड 12 से मनोज पाटनी, वार्ड 13 से ओमप्रकाश वर्मा, वार्ड 14 से तुलसी करनानी, वार्ड 15 से सुमित्रा वर्मा, वार्ड 16 से राजकमल, वार्ड नंबर 17 से फिजा मालावत, वार्ड 18 से रवि सैनी, वार्ड 19 से अनीता सैन, वार्ड 20 से अनीता गोयल, वार्ड 21 से विनीता करनानी, वार्ड 22 से सुमन पारीक, वार्ड 23 से नितिन छाबड़ा, वार्ड 24 से जितेंद्र चंवरिया, वार्ड 25 से दिलीप इसरानी, वार्ड 26 से जोंटी नकवाल, वार्ड 27 से मोहम्मद यामीन, वार्ड 28 से संपत किराड़, वार्ड नंबर 29 से ईसाक मुगल, वार्ड 30 से मधु सैनी, वार्ड 31 से शमशेर, वार्ड 32 से शिवानी शर्मा, वार्ड 33 से बाबूलाल माली, वार्ड 34 से दिव्या सिसोदिया, वार्ड 35 से रेखा भढ़ाणा, वार्ड 36 से सीता जाट, वार्ड नंबर 37 से देवराज गुर्जर, वार्ड नंबर 38 से अंजु देवी, वार्ड नंबर 39 से रामकिशन सैनी व वार्ड नंबर 40 से कैलाश चन्द जांगिड़ अधिकृत उम्मीद्वार हैं। इसी प्रकार कांठोस पार्टी ने वार्ड नंबर 1 से बनवारी गंगवाल, वार्ड नंबर 2 से दयाराम चौधरी, वार्ड 3 से द्वारका सैनी, वार्ड 4 से गुलाब मीणा, वार्ड 5 से राजेश स्वामी, वार्ड 6 से एडवोकेट सतीश शर्मा, वार्ड 7 से केसर लाल, वार्ड 8 से आरिफ कुरेशी, वार्ड 9 से मनमोहन पारीक, वार्ड नंबर 10 से आराधना जाट, वार्ड नंबर 11 से गोविन्द सोनी, वार्ड 12 से डोली चौधरी, वार्ड नंबर 13 से विनोद वर्मा, वार्ड नंबर 14 से लल्लु खंगार, वार्ड 15 से अनिता, वार्ड नंबर 16 से राहूल महावर, वार्ड 17 से गुलफशा, वार्ड नंबर 18 से दुर्गालाल सैनी, वार्ड 19 से तनीषा, वार्ड नंबर 20 से कृष्णा जैन, वार्ड नंबर 21 से ममता जांगिड़, वार्ड 22 से नीतू सांवलिया, वार्ड 23 से महावीर पराणा, वार्ड 24 से सुनिता जैन, वार्ड 25 से महेंद्र मेठवानी, वार्ड 26 से कन्हैयालाल, वार्ड नंबर 27 से अल्लारखा, वार्ड नंबर 28 से मीनाक्षी उम्मीदवार है।

निवाई उपखंड अधिकारी कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी को पार्टी की अधिकृत सिंबल सूची सौंपते हुए कांग्रेस के प्रभारी।

■ सभी प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

45 वार्डों के लिए कुल 233 प्रत्याशियों ने 234 नामांकन पत्र दाखिल किये

चौमूं / कालाडेरा । चौमूं नगर परिषद के 45 वार्डो के लिए कुल 233 प्रत्याशियों ने 234 नामांकन पत्र चौमूं उपखण्ड कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी चौमूं उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौर के पास दाखिल किये। सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का आखिरी दिन होने पर नामांकन पत्र दाखिल करने वाले प्रत्याशियों की अच्छी खासी भिड़ देखने को मिली। चौमूं नगर परिषद के 45 वार्डों के लिए भाजपा, कांग्रेस, आरएलपी, व निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल कियें है। वहीं कालाडेरा नगर पालिका के 20 वार्डों के नामांकन पत्र सेठ आर एल सहरिया महाविधालय में बनायें गए कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी चौमूं एससीएम मुक्ता राव के पास 102 प्रत्याशियों ने 112 नामांकन पत्र दाखिल किये। कालाडेरा नगर पालिका के 20 वार्डो पर भाजपा, कांठोस, आरएलपी, और निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन दाखिल किये है।

आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक- F-JDA/Zone -B/2026/D-424

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 324944 दिनांक 13.08.2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of (Lease/ Free Hold) Deed (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी/ लीज धारक का नाम	भूखण्ड संख्या 27	गृ.नि.स.स./निजी/ खातेदारी/जविप्रा योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1	Sonal Malukani W/o Ravi Malukani	श्री रवि मलूकानी	भूखण्ड क्षेत्रफल 100.00 Sq. Meter	JDA	Loha Mandi Macheda Phase-II Sector/ Block-F	Issue of (Lease/ Free Hold) Deed (E-Patta)	पंजीकृत हस्तान्तरण पत्र

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of (Lease/ Free Hold) Deed (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

करंट की चपेट में आने से 22 वर्षीय युवक की मौत

पावटा। खेत में फव्वारे लगाने के दौरान 11 हजार केवी विद्युत लाइन से पानी के जरिए हवा में करंट बनने से 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम पंचायत प्रेमनगर निवासी संदीप पुत्र गिरधारी खेत में सिंचाई के लिए फव्वारे लगाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन नीची होने के कारण संपर्क क्षेत्र में फव्वारे से निकलता पानी पहुंच गया। पानी के माध्यम से हवा में करंट बनने से युवक इसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने युवक को बचाने का प्रयास किया और उसे तत्काल उपजिला अस्पताल पावटा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र महज 22 वर्ष बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची ।

पावटा में सुबह से ही नामांकन जमा कराने वालों की भीड़ एसडीएम कार्यालय में

पावटा । नगरीय निकाय चुनाव 2026 को लेकर पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में आज सियासी हलचल अपने चरम पर नजर आई। नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन कांग्रेस, भाजपा, आरएलपी और निर्दलीय प्रत्याशियों ने बड़ी संख्या में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। 45 वार्डों वाली पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। चुनावी प्रक्रिया के बीच कांग्रेस और भाजपा ने भी अपने अधिकृत चुनावी सिंबल रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष जमा कर दिए। कांग्रेस की ओर से कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने रिटर्निंग अधिकारी बृजेश कुमार के समक्ष पार्टी के चुनावी सिंबल प्रस्तुत किए। वहीं भाजपा की ओर से विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड ने पार्टी के चुनावी सिंबल जमा करवाए।

■ कांग्रेस ने अपने 45 वार्डों के प्रत्याशियों की लिस्ट की जारी

आरएलपी की ओर से आरएलपी नेता महेश यादव पार्टी के चुनावी सिंबल जमा करवाए। उपखंड पावटा रिटर्निंग अधिकारी बृजेश कुमार ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन गुरुवार को 4 प्रत्याशियों के 5 नामांकन व शुक्रवार को रक्षाबंधन का अवकाश होने के कारण दूसरे दिन शनिवार को 51 प्रत्याशियों के 58 नामांकन दाखिल हुए। वही नामांकन के अंतिम दिन 258 प्रत्याशियों ने 273 नामांकन दाखिल किए। तीन दिन में कुल 310 प्रत्याशियो के 336 नामांकन हुए। नामांकन के अंतिम दिन प्रत्याशियों और दावेदारों में खासा उत्साह देखने को मिला। नामांकन के अंतिम दिन सुबह से ही पावटा उपखंड कार्यालय के आसपास प्रत्याशियों और समर्थकों की भीड जुटती रही। कोई ढोल-नगाड़ों के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचा तो कई प्रत्याशी समर्थकों के साथ माला पहनकर और उत्साह के माहौल में नजर आए। पूरे दिन चुनावी माहौल में गहमागहमी बनी रही। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के सभी 45 वार्डों में अब राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने के बाद मतदाताओं से संपर्क साधने में जुट गए हैं। वही कांठोस पार्टी ने अपने 45 वार्डों के प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है लेकिन चुनावी रण की असली तस्वीर भाजपा पार्टी की अधिकृत सूची जारी होने के बाद साफ होगी कि किस वार्ड में पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी कौन होगा और कौन बागी या निर्दलीय के रूप में चुनावी मैदान में उतरता है। इसके बाद ही चुनाव प्रचार भी पूरी तरह जोर पकड़ेगा। फिलहाल नामांकन के अंतिम दिन पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के 45 वार्डों में उत्साह, शक्ति प्रदर्शन और सियासी दावेदारी का नजारा देखने को मिला। अब सभी की निगाहें कांठोस-भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी सूची और उसके बाद बनने वाले चुनावी समीकरणों पर टिकी हैं।

'ज्ञान-विज्ञान में सर्वोत्तम है स्वर विज्ञान'

जयपुर। श्याम नगर स्थित भिक्षु साधना केंद्र श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित विशेष सेमिनार 'भाग्योदय का विज्ञान-स्वर विज्ञान' में आचार्य महाश्रमण के शिष्य मुनि सुधाकर ने स्वर विज्ञान के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ज्ञान और विज्ञान की दृष्टि से स्वर विज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अद्भुत विज्ञान है। यह व्यक्ति की अंतरदृष्टि को जागृत करने के साथ जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्य की दिशा प्रशस्त करता है। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि सुधाकर ने कहा कि हमारे शरीर में 72 हजार नाड़ियां मानी गई हैं, जिनमें 10 प्रमुख तथा तीन अत्यंत महत्वपूर्ण नाड़ियां हैं। इन्हें इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना कहा जाता है।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम वचना राम से बदलकर वचना राम सुथार कर लिया है, वचना राम सुथार पुत्र श्री हंजा राम निवासी- सुथारो की ढाणी, नरसाना, बागोड़ा, जालौर, राजस्थान। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

मैं केवलराम पुत्र श्री कैलाश तिरोले निवासी नांगल पुरोहित, राजवास, पुरोहितान, जयपुर 302032 अपना नाम केवल तिरोले से बदलकर केवलराम रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें।

I Shishram Jakhar Army no. 3195171M Rank- NK R/o Rampur, Teh. Bansur, Alwar Rajasthan have changed my daughter's name from Kumari Lakshita Jakhar to Lakshita and DOB from 05-01-2007 to 31-05-2009 in my army service records for all future purposes.

I Shishram Jakhar Army no. 3195171M Rank- NK R/o Rampur, Teh. Bansur, Alwar Rajasthan have changed my son's Mayank Jakhar DOB from 03-09-2005 to 03-09-2006 in my army service records for all future purposes.

विद्यार्थियों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

कोटपूतली। राजकीय महाविद्यालय विराटनगर में निर्वाचन साक्षरता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों में निर्वाचन जागरूकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजगता विकसित करने के उद्देश्य से चुनाव स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. मीणा ने की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता, मतदान का महत्व, युवा मतदाताओं की भूमिका, लोकतंत्र की मजबूती, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन तथा मतदाता के अधिकार एवं कर्तव्यों जैसे विषयों पर प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी स्लोगन लिखकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपने स्लोगनों के माध्यम से मतदान करें, लोकतंत्र मजबूत करें जैसे संदेशों के जरिए अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता, लोकतांत्रिक जिम्मेदारी तथा निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता की भावना विकसित करना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. के.एल. मीणा ने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं में निर्वाचन एवं मतदान के प्रति जागरूकता लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आ ान किया। साक्षरता क्लब प्रभारी आमोद कुमार शर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. प्रियंका अठावाल ने कहा कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़कर उन्हें जागरूक, जिम्मेदार एवं सक्रिय नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. कपिल कक्कड़ एवं श्री अजीत सेपट सहित महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक एवं संदेश परक स्लोगनों के माध्यम से लोकतंत्र में मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ का

निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज पर रहेगी कड़ी निगरानी, मीडिया प्रकोष्ठ का गठन

कोटपूतली। राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान ने नगरपालिका एवं पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज पर प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश जारी किए हैं। राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा मीडिया के माध्यम से प्रसारित अथवा प्रकाशित कराए जाने वाले पेड न्यूज के मामलों की निगरानी कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले में जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी के अध्यक्ष जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम सदस्य तथा सहायक जिला जनसम्पर्क अधिकारी सदस्य सचिव नियुक्त किए गए हैं। कमेटी जिले में संदिग्ध पेड न्यूज के मामलों की जांच कर नियमानुसार निर्णय करेगी।

■ पेड न्यूज के मामलों की निगरानी कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले में जिला स्तरीय मीडिया

जिले में एक मीडिया प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है, जिसके नोडल अधिकारी सँयुक्त निदेशक हैं। मीडिया प्रकोष्ठ समाचार पत्र-पत्रिकाओं की नियमित मॉनिटरिंग एवं कटिंग संधारित करने के साथ आवश्यकतानुसार टेलीविजन, केबल, कम्प्यूटर, रेडियो एवं इंटरनेट आदि के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित होने वाले विज्ञापनों, संदिग्ध पेड न्यूज एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर निगरानी रखेगा। किसी समाचार को प्रथम दृष्टया संदिग्ध पेड न्यूज पाए जाने पर प्रकरण जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। कमेटी द्वारा पेड न्यूज माने जाने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी को रिटर्निंग अधिकारी के माध्यम से नोटिस जारी किया जाएगा तथा नोटिस की तामील के 48 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा पेड न्यूज स्वीकार किए जाने अथवा निर्धारित अवधि में जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में नियमानुसार उसकी लागत निर्वाचन व्यय खाते में जोड़ी जाएगी। यदि अभ्यर्थी पेड न्यूज होने से इनकार करता है तो प्रकरण पुन: जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत कर निर्णय लिया जाएगा। जिला स्तरीय कमेटी के निर्णय के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी के समक्ष 48 घंटे के भीतर अपील की जा सकेगी। पेड न्यूज की लागत निर्वाचन व्यय में होगी शामिल कमेटी द्वारा पेड न्यूज का निर्णय किए जाने पर संबंधित समाचार की लागत निर्धारित दरों के आधार पर ज्ञात कर अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय खाते में जोड़ी जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित पेड न्यूज के मामले में प्रसारण के समय एवं अवधि के आधार पर लागत निर्धारित की जाएगी। पेड न्यूज से संबंधित मामलों का पृथक रजिस्टर भी निर्धारित प्रारूप में संधारित किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पेड न्यूज की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए आयोग के निर्देशों की पूर्ण अक्षरश: पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग अनुसार पेड न्यूज से आशय ऐसे समाचारों से हैं जो प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया या अन्य किसी रीति के द्वारा विज्ञापन के रूप में नहीं आकर एक सामान्य समाचार की तरह प्रकाशित या प्रसारित की जाती हैं।

देवली : पार्टी का टिकट मिलने वालों के चेहरों पर खुशी छाई

देवली (नि स) । शहर की नगर पालिका के चुनाव हेतु आवेदन के अंतिम दिन,यहां पार्टी का टिकट मिलने वालों के चेहरों पर खुशिया छाई रही तो वही दर्जनों के चेहरे पार्टी का सिंबल नहीं मिलने की वजह से मुरझाए दिखाई पड़े। इसी के साथ भाजपा और कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर दर्जनों प्रत्याशियों ने बागी के रूप में पार्षद चुनाव मैं उतरने की ताल ठोक डाली है। उल्लेखनीय है कि आगामी 9 सितंबर को होने जा रहे है निकाय चुनाव मैं अपना अपना भाग्य आजमाने के लिए कांठोस बीजेपी और निर्दलीय प्रत्याशियों ने आज सोमवार को अंतिम दिन अपने-अपने आवेदन पत्र उपखंड अधिकारी कार्यालय मे दाखिल करवाए दिये है । यहां देखने वाली बात तो यह रही की वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की भीड़ में निवर्तमान पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन ने फिर से वार्ड नंबर 14 से पार्षद चुनाव लड़ने की ताल ठोक दी है। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन के समर्थन मे दर्जनो समर्थकों के साथ देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर भी उपस्थित रहे थे । इस मौके पर देखा गया कि देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में निवर्तमान पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन का नामांकन दाखिल करवाया है। इसी प्रकार कांठोस से भी प्रबल दावेदारी के प्रत्याशियों ने कांग्रेस के सिंबल पर अपने-अपने समर्थकों की के साथ उपखंड कार्यालय में अपना-अपना नामांकन दाखिल करवा दिया है। इस दौरान वार्ड नंबर 7 से रोहित चंदेल वार्ड नंबर 8 से मफरोज बानो, वार्ड नंबर 9 से ऋषिका डाबोलिया,, वार्ड नंबर 10 माया देवी बेरवा,, वार्ड नंबर 12 से नगर कांठोस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ जिंदल,, वार्ड नंबर 13 से राजस्थान कांठोस की वरिष्ठ नेता माया सुवालका के भाई राहुल सुवालका सहित देवली शहर के निवर्तमान पार्षद एवं देवली शहर के वरिष्ठ कांठोसी नेता भीमराज जैन, श्यामा गर्ग,, ने अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल करवा दिया। इसी प्रकार भाजपा के सिंबल पर वार्ड नंबर 4 से भूपेंद्र कुमार रेगर वार्ड नंबर 7 से ललित तेजी वार्ड नंबर 16 से विनोद साहू वार्ड नंबर 26 सुनीता गौतम,, वार्ड नंबर 30 से विजय चौधरी,, वार्ड नंबर 33 से कृष्ण प्रताप नरूका,, सहित अन्य पार्टियों के प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन दाखिल करवा दिए है। उल्लेखनीय की 9 सितंबर को यहां वार्ड पार्षद के चुनाव के मतदान होंने जा रहे हैं। पालिका वार्ड पार्षद चुनाव में कांग्रेस बीजेपी और निर्दलीय प्रत्याशियों सहित अन्य पार्टी के सिंबल पर दर्जनों प्रत्याशियों ने चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाने के लिए पूरी तैयारी के साथ ताल ठोक दी है।

देवली शहर की नगर पालिका के चुनाव में आवेदन के अंतिम दिन कार्यालय में भीड़ रही।

वार्ड 49 से मुकेश शर्मा 'काका' ने भरा नामांकन

जयपुर। नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा के वार्ड 49 से प्रत्याशी मुकेश शर्मा 'काका' ने सोमवार को सांगानेर स्थित उपखंड कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा ने मुकेश शर्मा 'काका' को लगातार दूसरी बार वार्ड 49 से पार्षद का टिकट दिया है। सांगानेर विधानसभा क्षेत्र मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का निर्वाचन क्षेत्र है। ऐसे में पार्टी ने क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखने वाले, विश्वसनीय और चुनाव जीतने की क्षमता रखने वाले नेताओं को प्राथमिकता दी है। पूर्व पार्षदों में मुकेश शर्मा 'काका' भी पार्टी के प्रमुख भरोसेमंद चेहरों में शामिल हैं। नामांकन के बाद काका ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और आमजन की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगा।

■ बड़ी संख्या में समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे

खोया पाया

मेरे मकान 30/61/8, मानसरोवर जयपुरका मूल आवंटन पत्र, स्वर्ण पथ पर गिर/ खो गया। मिलने पर सूचित करें- बिमलेश शर्मा-9799480282

मेरे मकान 10/682, मानसरोवर का मूल कब्ज़ा पत्र, कावेरी पथ पर गिर/ खो गया। मिलने पर सूचित करें- प्रियंका जेसवानी- 9351666587

मेरे प्लॉट नंबर 112/178 थड़ी मार्केट मानसरोवरका मूल पजेशन लेटर कही गुम गया है। मिलने पर सूचित करें। हनुमान सहाय, 8440001010

मेरा मकान संख्या 31/28/12, मानसरोवर, जयपुर का मूल आवंटन/कब्जा पत्र खो गये है। मिलने पर सूचित करें। मो.9024098203

नम्बर मिलाइए 8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 321/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी विरेन्द्र कुमार मिश्रा निवासी 19-20 रामानन्द कॉलोनी लाल डिग्गी रोड अलवर राजस्थान ने सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत अलवर नेटवर्क फॉर पिपुल विद् एचआईवी एड्स संस्थान अलवर भैरू मंदिर के पास वार्ड न0 44 अलवर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 3.8.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 13.10.26
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 678/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री राहुल कुमार, निवासी सरसैना, सरसेना, भरतपुर राजस्थान ने सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास जाट अधिकारी कर्मचारी कल्याण परिषद, 34 श्री विनायक विहार, गोविन्दपुरा, कालवाड रोड, जयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 9.7.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 16.9.26
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनूसूची संख्यांक 4
न्यायालय अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश (ACJM-2) क्रम-2 स्थान जयपुर महानगर द्वितीय
मोहम्मद फारूख विरूद्ध श्रीमती शकुन्तला
वाद/प्रार्थना पत्र T.I.
प्रार्थना-पत्र संख्या 21 सन् 2025
नाम श्रीमती शकुन्तला पत्नि स्व. श्री पवन कुमार शर्मा पता निवासी म.नं.1 गुडवालों की बगीची, पानी की टंकी के पास, झोटवाडा जयपुर 302012
उक्त..... ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि...
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 15 माह 09 सन् 2026 को 10.00 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो उपसंजात हो । यदि आप ऐसा करने मे असफल रहेगें तो उक्तआदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा यह आज ता. 18 माह 08 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर
न्यायालय
अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-02 जयपुर महानगर द्वितीय

**विवाद्यकों